
हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय - प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 119 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 11 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया


## सोना आल टाईम हाई, 87 हजार पहुंची कीमत

### डेढ़ महीने में 9,500 रुपए बढ़े दाम, 90 हजार तक पहुंच सकते है भाव

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार को सोना ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। मंदसौर की बात करें तो सोमवार को बाजार खुलते ही सोने के दाम बढ़ना शुरु हुए। इसके उल्टा चांदी के भाव में गिरावट के साथ बाजार शुरु हुआ। शाम तक सोना अपने उच्तम दाम 87 हजार रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया था। वहीं चांदी के दाम कम होकर 93 हजार रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गए। 001 जनवरी से अब तक सोना लगभग 9,500 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 77 हजार 500 रुपए से 9,500 रुपए बढक़र 87 हजार रुपए के पार पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86 हजार 17 रुपए प्रति किलो से सात हजार रुपए बढक़र 93 हजार रुपए पर पहुंच गया है।



बता दें कि बीते साल सोने का भाव 20.22प्रश बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19प्रश की बढ़ोतरी हुई। 01 जनवरी 2024 को सोना 63 हजार 352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। सोना इस साल 90 हजार रुपए तक जा सकता है। सराफा बाजार के अनुभवी लोगों के अनुसार एक समय के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह पहले आ चुकी है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती और जियो पॉलिटिकल टेंशन बढ़ने से गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। वहीं गोल्ड में निवेश भी बढ़ रहा है। इससे भी गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 90 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

## ट्रक में घुसा बाइक सवार, मौत

**मनासा, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** एक बाइक सवार ट्रक को ओवरटेक करते समय ट्रक में ही जा घुसा। जिससे उसकी मौत हो गई। हादसा मनासा-मंदसौर रोड पर हुआ। मृतक बरथुन गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होकर अपने गांव ढाकनी लौट रहे था।इसी दौरान सामने से आ रहे एक वाहन के कारण वह ट्रक के पहिए के नीचे आ गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी और घायल व्यक्ति को मनासा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। मनासा थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। सोमवार सुबह परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनो के सुपूर्द किया गया।

# भूसा माफियाओं का मार्च..!



### प्रतिबंध से पहले ही तैयार प्लानिंग, चार रुपए किलो वाला भूसा दस रुपए से ज्यादा में खरीदना मजबूरी

मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। जिले में भूसे या सूखला का निर्यात करने पर प्रतिबंध के आदेश जारी कर औपचारिकता हर साल की जाती है। लेकिन, महत्वपूर्ण बात यह है कि आदेश सिर्फ रस्म अदायगी है। इसका कारण है कि गेहूं की कटाई, मतलब मार्च माह में ही भूसा माफिया किसानों से संपर्क कर भंडारण कर लेते हैं। इसके बाद बाहर भेजने और फैक्टरी में इसका उपयोग होता है। परिणाम यह हो रहा है कि पांच साल पहले जो भूसा पशु पालक को तीन से पांच रुपए प्रति किलो मिलता था। वह आठ से तेरह रुपए किलो में खरीदना पड़ता है।

जिले में पशुओं के चारे जिसे सुखला या भूसा भी कहा जाता है। इसके बढ़ते भावों से पशुपालक परेशान हैं। जिले में करीब 07 लाख पशुधन है। इनमें गाय, बैल, भैंस बकरी आदि शामिल हैं। महंगे चारे और पशु आहार के कारण पशुपालन घाटे का सौदा साबित हो रहा है। चारा महंगा होने और कई इलाकों में सूखला नहीं मिलने से भी लोग परेशान होते हैं। कई पशुपालक चारा नहीं मिलने से कुछ पशुओं को खुला छोड़ देते है तो कई कम दामों में मवेशी बेचने को मजबूर हैं। अब बात करें सूखले की तो गेहूं कटने के बाद बचा हुआ अंश सूखला या भूसा कहलाता है। जिसे पशु आहार के रूप में उपयोग किया जाता है। विशेषकर गर्मी के समय जब गर्मी की दस्तक के साथ ही पानी की कमी आ जाती है। जिससे हरा चारा नहीं मिलने पर इसका उपयोग पशु पालक ज्यादा करते हैं। इसके अलावा रोजाना भी करीब एक पशु के लिए प्रति माह एक क्विंटल भूसा जरुरी होता है। लेकिन, चार-पांच साल पहले जो भूसा चार रुपए किलो में मिलता था। अब वह भूसा आठ से तेरह रुपए किलो में खरीदना पशु पालको की मजबूरी बन गई है।

#### भूसा माफियाओं की अभी से प्लानिंग...

गेहूं की कटाई मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत तक हो जाती है। इससे पहले अर्थात फरवरी में ही भूसा माफिया किसानों से संपर्क कर लेते हैं। पशु पालक जो दाम देते हैं, उससे ज्यादा दाम देकर भूसे की बुकिंग हो जाती है। इसके बाद भूसा माफिया इसे एकत्रित कर इसका संग्रहण करते हैं। इस समय तक प्रशासन भूसे के निर्यात पर प्रतिबंध संबंधित आदेश जारी करता है। इधर भूसा ट्रॉलियों और पिकअप वाहनों में भरकर बाहर उंचे दामों पर बेचा जाता है। जिसका उपयोग फैक्टरियों के बॉयलरों में किया जाता है।

#### तो भूसे की कमी नहीं होना चाहिए...

जिले में करीब 07 लाख पशुधन है। इसमें एक पशु को प्रति माह एक क्विंटल भूसे की जरुरत होती है। एक हैक्टेयर से 07 ट्रॉली चारे का उत्पादन होता है। इधर करीब सवा लाख हेक्टेयर में जिले में गेहूं की खेती होती है। इससे भूसे की कमी नहीं होना चाहिए। पशु पालक अमूमन बारिश के पहले इकठ्ठा भूसा भरते हैं। लेकिन, भूसा माफिया किसानों को अधिक दाम देकर भूसा खरीद लेते हैं। ऐसे में पशु पालकों को आठ से तेरह रुपए किलो तक भूसा पड़ता है।

#### किसानों के पास जगह नहीं, फायदा उठाते भूसा माफिया...

फसलों के निकलने के बाद किसानों के पास रखने की उचित जगह नहीं होने से भूसा माफिया इनसे कम दाम यानी दो से चार रुपए किलो में खरीद लेते है। इसके बाद भूसा माफिया भूसे का बड़ी मात्रा में स्टोर कर लेते हैं। फिर वहां से बाहरी क्षेत्र में सप्लाई, लकड़ी के गट्टे बनाने की फैक्टरी में 8 से 10 रुपए किलो के भाव से बेचते है। इससे जिले में चारे की डिमांड बढ़ जाती है। पहले चारे के भाव 4000 से 5000 रुपए ट्रॉली थी, लेकिन चारा माफियाओं की मनमानी के चलते भाव 1000 से 1300 रुपए क्विंटल तक पहुंच गए हैं।

#### लागत निकालना चुनौती...

पशु आहार के भाव पहले की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। इससे पशुपालक चिंतित हैं। डेयरी संचालक गाय का दूध 30 से 35 रुपए लीटर तक खरीद रहे हैं और भैंस का दूध 45 से लेकर 50 रूपए प्रति लीटर के हिसाब से खरीद रहे हैं। इससे पशुपालकों को मुनाफा तो दूर उनकी लागत की चिंता सताने लगती है। जिले के कई दलाल चारे का अवैध भंडारण कर फैक्ट्रियों और जरूरतमंद पशुपालकों से मोटी रकम लेकर चारा बेच देते है।

# एमपी बोर्ड: 10वीं-12वीं की अब दो परीक्षाएं होगी

### दूसरी में शामिल हो सकेंगे फैल विद्यार्थी, पहली परीक्षा 24 फरवरी से, दूसरी परीक्षा जुलाई में

## दोनों परीक्षाओं में अच्छे नंबरों के आधार पर बनेगी मुख्य अंकसूची

**भोपाल, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर बड़ा निर्णय किया है। दोनों परीक्षाओं में अब पूरक का प्रविधान खत्म किया जा रहा है। अब दो मुख्य परीक्षाएं होंगी। दूसरी परीक्षा फैल होने वाले विद्यार्थियों के लिए होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यह निर्णय लागू किया गया है। इसके आधार पर वार्षिक परीक्षा का परिणाम तैयार किया जाएगा।

निर्णय शिक्षा सत्र 2024-25 की परीक्षा से लागू होगा। मंडल की साधारण सभा की बैठक में यह निर्णय लिया गया है और शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मध्य प्रदेश बोर्ड की पहली परीक्षा 24 फरवरी से आयोजित होने वाली है। मुख्य परीक्षा के परिणाम के बाद जुलाई में द्वितीय अवसर की मुख्य परीक्षा आयोजित होगी।

दोनो परीक्षाओं में विषयों के अच्छे नंबरों के आधार पर विद्यार्थियों की मुख्य अंकसूची तैयार की जाएगी। बता दें, दो मुख्य परीक्षाओं का माडल गुजरात व छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष से लागू हो चुका है। हर साल 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं।

#### यह है कॉपी जांचने की योजना...

✻ मंडल ने इस बार कॉपी जांचने में सख्त रुख अपनाते हुए कहा गया है कि जिन परीक्षार्थियों के 90 प्रतिशत से अधिक अंक होंगे, उनकी कॉपी दोबारा चैक की जाएगी। इसे विषय शिक्षक के अलावा मुख्य परीक्षक और उप मुख्य परीक्षक भी देखेंगे। ✻ मूल्यांकनकर्ताओं को कॉपी जांचने के दौरान मॉडल आंसर की दी जाती है, इसलिए वह इसे देखकर ही कॉपी जांचे। ✻ छात्रों के कितने नंबर आ रहे हैं, इन नंबरों का टोटल कम से कम दो-तीन बार करें, जिससे गफलत की स्थिति न रहे। ✻ यदि कोई प्रश्न दो नंबर का है और परीक्षार्थी को उसमें चार पॉइंट कवर करना है और उसने तीन ही किए गए हैं, तो इसमें आधा नंबर तक काटा जा सकता है। ✻ अगर कॉपी चैकिंग में एक नंबर की गलती भी सामने आती है, तो कॉपी जांचने वाले शिक्षक पर 100 रुपए फाइन लगाया जाएगा। ✻ सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और उनकी मॉनिटरिंग भी होगी। ✻ सभी शिक्षकों के मोबाइल फोन सहित अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेंगे।

#### एक विषय में फैल होने पर पूरक परीक्षा की होती थी पात्रता...

द्वितीय अवसर की मुख्य परीक्षा में पूरक की पात्रता वाले या कई विषयों में फैल विद्यार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा जुलाई में आयोजित होगी। अभी तक एक विषय में फैल होने पर विद्यार्थी पूरक परीक्षा में शामिल होते थे। वहीं फैल विद्यार्थी राज्य ओपन बोर्ड द्वारा आयोजित 'रुक जाना नहीं' योजना के तहत परीक्षा में शामिल होते थे। अब एक या अधिक विषय में फैल विद्यार्थी द्वितीय अवसर की मुख्य परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। पिछले साल 10वीं व 12वीं में करीब 2.20 लाख विद्यार्थियों को पूरक मिली थी। वहीं 5.60 लाख विद्यार्थी फैल हुए थे।

#### ऐसा होगा दो परीक्षाओं का नया मॉडल...

कोई भी विद्यार्थी 10वीं या 12वीं की परीक्षा में एक या दो विषय में फैल हुआ या कम नंबर आए तो वह जुलाई में आयोजित द्वितीय अवसर की मुख्य परीक्षा में एक या दो विषय की परीक्षा दे सकता है। चाहे तो वह सभी विषयों की परीक्षा भी दे सकता है। उसके अच्छे अंकों के आधार पर परिणाम तैयार किया जाएगा।

#### इनका कहना...

एमपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं में दो मुख्य परीक्षा कराने का प्रस्ताव है। द्वितीय अवसर की परीक्षा पूरक के समय कराई जाएगी। इससे दोनों परीक्षाओं में विद्यार्थियों का जो विभिन्न विषयों का श्रेष्ठ परिणाम होगा, उसके आधार पर रिजल्ट बनाया जाएगा।

**ओएल मंडलोई,**
**उपसचिव, स्कूल शिक्षा विभाग मप्र**

## एक दिन में 45 कॉपी ही जांच सकेगा एक शिक्षक..!

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं। परीक्षा के लिए प्रदेश के साथ ही जिले में पूरी तैयारी हो चुकी है। परीक्षा के बाद मूल्यांकन की भी तैयारी मंडल ने शुरू कर दी है। एक शिक्षक एक दिन में अधिकतम 45 कॉपी ही जांच सकेगा। सबसे पहले शिक्षक को जांचने के लिए 30 कॉपी दी जाएंगी। यदि वह इसे जांच लेते हैं, तो 15 कॉपी और दी जाएंगी। इससे अधिक कॉपी किसी भी शिक्षक को जांचने के लिए नहीं दी जाएगी। मंडल की ओर से कॉपी जांचने के लिए कक्षा 10वीं में प्रति कॉपी 15 और 12वीं में 16 रुपए शिक्षकों को मानदेय दिया जाएगा। मंडल की ओर से इस बार मूल्यांकन कार्य में काफी सख्ती बरती जाएगी। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिन शिक्षकों की मूल्यांकन के कार्य में ड्यूटी लगाई जाएगी, उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।





## रिमांड पर चल रहे हाड़ा बंधुओं को सोयायटी लेकर पहुंची पुलिस, दस्तावेज जप्ती में लिये

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सोयायटी संचालित कर खाताधारकों के करोड़ों रुपए अपने निजी खाते में डलवाकर धोखाधड़ी करने के मामले में गिरफ्तार पशुपतिनाथ साख सहकारी संस्था मर्यादित के संचालनकर्ता आशीष हाड़ा व अंकित हाड़ा को रिमाण्ड अवधि के दौरान मंदसौर वायडीनगर पुलिस पिपलियामंडी लेकर पहुंची और आफिस में रखे दस्तावेजों को जब्ती में लिया। जानकारी के अनुसार मनासा मार्ग पर पिपलिया कृषि उपज मंडी से आगे भी उक्त सोयायटी का ऑफिस संचालित होता था, लेकिन दोनों के फरार होने के बाद यहां ताले लगे थे। सोसायटी में डेली कलेक्शन करने वालों ने भी हाड़ा बंधु के खिलाफ पुलिस चौकी में शिकायतें दर्ज कराई थी। क्षेत्र में करीब एक हजार खाताधारकों के करीब एक करोड़ रुपए सोयायटी से लेना है। मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी पुलिस रिमाण्ड पर है। सोमवार को मामले की जांच कर रहे वायडीनगर थाने के एसआई विनय बुन्देला, प्रधान आरक्षक दिनेश धाकड़, आरक्षक पुष्पेन्द्रसिंह, विजय तालान आदि दोनों हाड़ा बंधु को पुलिस वाहन में बिठाकर कृषि उपज मंडी के आगे स्थित बंद पड़े पशुपतिनाथ साख सहकारी संस्था मर्यादित आफिस लेकर पहुंची, ताले खोले व दस्तावेज खंगाले, यहां रखे कम्प्युटर, पासबुकें व लोन के दस्तावेज आदि सामग्री जब्ती में ली। दोनों आरोपी 13 फरवरी तक पुलिस रिमाण्ड पर है, पुलिस आरोपियों से अभी तक राशि बरामद नही कर पाई है।

## जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत 'दाता' की सरपंच कैलाशी बाई को किया पद से पृथक

**नीमच, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत के सीईओ श्री अमन वैष्णव ने मनासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दाता की सरपंच श्रीमती कैलाशी बाई पति श्री जगदीश कछावा को सरपंच पद से पृथक करने का आदेश जारी किया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत दाता की सरपंच श्रीमती कैलाशी बाई द्वारा सरपंच पद का दायित्व 500 रूपए के स्टांप पर अन्य व्यक्ति को अनुबंध कर सौंपने का मामला गत दिनों जिला पंचायत सीईओ के संज्ञान में आया था। इस पर यह कार्रवाई की गई है।

## गांव में पहुंचा मगरमच्छ का बच्चा, चम्बल नदी में छोड़ा

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव दोबड़ा में सोमवार को वन विभाग टीम ने मगरमच्छ का बच्चा पकड़ा। जिसे चम्बल नदी में छोड़ा। जानकारी के अनुसार नारायणगढ़ थानान्तर्गत गांव दौबड़ा में सोमवार प्रात: 9 तालाब से निकल कर मगर का बच्चा गांव तक पहुँचा गया, ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। सूचना पर गांव वन विभाग मंदसौर के पुष्कर मालवीय, सुनील कुमार जैन, जितेन्द्र पंवार, कादर आदि पहुंचे व मगर के बच्चे को चम्बल नदी में छोड़ा। बच्चा करीब 2 फिट का था।



## उधार दी सीमेंट के रुपए मांगे तो पीटा

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मकान निर्माण के लिए सामग्री उधार देने के बाद रुपए मांगने पर गाली-गलौज कर मारपीट करने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। मगराना निवासी माधुलाल पिता देवीलाल गायरी ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव का गोपाल पिता मोहनलाल टेलर मकान निर्माण के लिए 3 फरवरी 2025 को सीमेंट उधार ले गया था। मैं रुपए मांगने गया तो गाली-गलौज कर प्लास्टिक पाइप से मेरे साथ मारपीट की। पुलिस ने गोपाल पर केस दर्ज किया।

## नाबालिगों की ड्रायविंग पर नहीं लग पा रहा अंकुश

### नगर सेवा टेम्पो को टक्कर मारी, एक घायल





**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर में नाबालिगो द्वारा दो पहिया व चार पहिया वाहन चलाने पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यही कारण है कि आए दिन नाबालिग दुर्घटना का कारण बनते है। जबकि, कई बार मजिस्ट्रेट स्वयं कभी संजीत रोड़ पर तो कभी कहीं अन्य स्थान पर चलित न्यायालय लगाते है। लेकिन, माता-पिता की शह के चलते नाबालिगो को ड्रायविंग करने से नहीं रोक पा रहे है। सोमवार को भी ऐसा ही वाकया हुआ। एक निजी स्कूल की बस में घर से बैठे छात्रो ने श्री कोल्ड चौराहे पर उतरकर हंगामा कर दिया।

दरअसल हुआ यूं कि निजी स्कूल के विद्यार्थियो ने पहले ही एक कार श्री कोल्ड चौराहे पर खड़ी रखी थी। वे अपनी बस से उतरे और कार को ड्राईव करते हुए मंडी की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक नगर सेवा टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से टेंपो पलट गया। जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले में वायडी नगर पुलिस प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही कर रही थी। किन्तु, सूत्रो की माने तो नाबालिग की बजाय अब कार मालिक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर राहत प्रदान की गई है। खैर, वायडी नगर पुलिस है। यहां जो हो वह कम है।

# अब कांग्रेस अपना संगठन सुधारेगा या दिल्ली हार पर मंथन करेगी..!

**मंदसौर/उज्जैन, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप पार्टी की हार की आशंका केजरीवाल सरकार से जनमत के ऊब जाने के कारण सच में बदल गई है। जिस अंतर से और जितने आप पार्टी के सुरमा हारे हैं, उससे स्पष्ट है कि जनमत में आप पार्टी के खिलाफ उबाऊ वातावरण से ज्यादा नाराजगी पनप चुकी थी। जनमत ने नाराजी भी आप पार्टी के सूरमाओं को हराकर दर्शा दी। गुजरात, हरियाणा और पंजाब विधानसभा चुनाव में आप की दखलअंदाजी का पूरा बदला कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप पार्टी से ले लिया है। आप और कांग्रेस के बीच बदले का यह खेल अभी और कुछ थोड़े समय तक चलेगा।



चन्द्रमोहन भगत

इसी के चलते कांग्रेस के दूसरे राज्यों के सांगठनिक बदलाव की जो बयार राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुरू की थी, थम सी गई है। दूसरे राज्यों के कांग्रेस कार्यकर्ता जो उम्मीद लगा बैठे थे कि अब कांग्रेस में तेजी से बदलाव कर सक्रिय नवयुवकों को भी अवसर मिलने वाला है। दिल्ली चुनाव के पहले से ऐसी हवा जो चली थी, जो अब रूक सी गई है। दिल्ली में कांग्रेस को कुछ न मिलने की उम्मीद शाश्वत घोषित थी, हुआ भी ऐसा ही। फिर भी सांगठनिक ढांचे के बदलाव की मुहिम ठहर क्यों गई है ! मध्य प्रदेश में जिस तेजी से संगठन में बदलाव के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और एक पखवाड़े में दो से तीन उनके दौरों ने जिले के कार्यकर्ताओं में जोश भी भरा था और सक्रियता भी बढ़ा दी थी। घर बैठे कार्यकर्ता भी फील्ड में निकलने लगे थे। क्योंकि, राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के आव्हान पर मुहिम शुरू हुई थी। इस कारण राजधानी के करीबी राज्यों में हरियाणा के कार्यकर्ताओं को बहुत ही ज्यादा उम्मीद थी। इसका गंभीर कारण यह था कि एक दशक से अधिक समय से जिला कार्यकारिणियों का गठन रुका हुआ है। इस बीच दो बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। मतलब कांग्रेस हाई कमान को हरियाणा के बारे में सभी कुछ मालूम है, फिर भी..?

हरियाणा विधानसभा जीतने की उम्मीद पर निचले स्तर की संगठन विहीन कांग्रेस जनमत की भाजपा से नाराजी के भरोसे ही चुनाव मैदान में उतरी तो मुंह की खाना पड़ी थी। अभी भी हरियाणा संगठन, जिला संगठनो के पदाधिकारियो के गठन का इंतजार कर रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्रीय कार्य समिति में किया गया बदलाव का आह्वान इतना शिथिल पड़ गया है कि जिला स्तर के कार्यकर्ता पदाधिकारी यह सोचने को मजबूर होते जा रहे हैं कि कांग्रेस निकट भविष्य में अपना संगठन सुधारेगी भी या दिल्ली में आप पार्टी की हार को ही निहारती रहेगी..?

# सहकारिता विभाग में भ्रष्टाचार: नंदकिशोर धाकड़ के खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों लंबित..?

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में सहकारिता विभाग के तहत भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का एक बड़ा मामला सामने आ रहा है। यह मामला वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार जैन और प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित धुंधड़का में पदस्थ नंदकिशोर धाकड़ से जुड़ा है। सवाल यह उठ रहा है कि जब अन्य जिलों में इसी तरह के मामलों में कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है, तो नंदकिशोर धाकड़ के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या प्रशासन इस मामले में जानबूझकर लापरवाही बरत रहा है?

**आदेश के बावजूद क्यों नहीं हुई पदस्थापना?**–कार्यालय उपायुक्त सहकारिता, जिला मंदसौर द्वारा 12 मार्च 2021 को जारी आदेश (पत्र क्रमांक/ स्थापना /2021/798) में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि छापे की कारवाई के बाद राजेंद्र कुमार जैन को प्रबंध संचालक का प्रभार सौंपा जाएगा और प्रतिलिपि क्रमांक 07 मे नंदकिशोर धाकड को शाखा धुंधड़का से हटाकर अन्य शाखा में पदस्थ किया जाएगा। लेकिन आज तक उनकी नई पदस्थापना नहीं की गई क्यों वे धुँधडका शाखा मे पदस्थ है। यह सवाल उठता है कि जब आदेश स्पष्ट रूप से दिया गया था, तो उसे लागू करने में देरी क्यों की गई? क्या इसके पीछे कोई भ्रष्टाचार या उच्च स्तर से संरक्षण प्राप्त किया जा रहा है?

**पैक्स सेवा नियमों की अनदेखी**–पंजीयक सहकारिता कार्यालय द्वारा 30 अगस्त 2013 को जारी पैक्स सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई, दुराचरण और दंड प्रक्रिया के स्पष्ट प्रावधान हैं। अध्याय 6, कंडिका 23 (32) के अनुसार, यदि किसी कर्मचारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत अपराध प्रमाणित होता है, तो उसे जांच तक तत्काल निलंबित किया जा सकता है। अध्याय 7, कंडिका 30 में यह प्रावधान है कि जांच प्रक्रिया के दौरान भी कर्मचारी को निलंबित किया जा सकता है। यहां यह सवाल उठता है कि जब नंदकिशोर धाकड़ के खिलाफ लोकायुक्त ट्रैप कार्रवाई चल रही है, तो उन्हें निलंबित क्यों नहीं किया गया? अन्य शाखा मे ट्रांसफर क्यों नहीं किया गया।क्या यह स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की कोशिश नहीं है?



नेमीचंद राठौर

**अन्य जिलों में हुई कार्रवाई, लेकिन मंदसौर में देरी क्यों?**–रतलाम, झाबुआ और सागर जैसे जिलों में इसी कंडिका के तहत कई कर्मचारियों को आय से अधिक संपत्ति के मामलों में निलंबित किया गया है। लेकिन मंदसौर में इसी तरह के प्रकरण में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। क्या सहकारिता मे प्रति 100 किलोमीटर मे नियम बदल जाने का प्रावधान है। यह दिखाता है कि या तो स्थानीय सहकारिता विभाग की इस मामले में संलिप्त है या फिर भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश हो रही है।

**पूर्व प्रशासक को निलंबित किया गया, तो प्रभार देने वाले अधिकारी पर कार्रवाई क्यों नहीं?**–इससे पहले पूर्व प्रशासक नानूराम सोलंकी को निलंबित किया गया था क्योंकि उन्होंने पैक्स सेवा नियमों का पालन नहीं किया था। सूत्रों की माने तो उनपर आरोप साबित भी हुआ और विभाग द्वारा वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही भी की गयी लेकिन सवाल यह है कि नंदकिशोर धाकड़ को नियमों के खिलाफ जाकर पुन: प्रभार देने वाले अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? लोकायुक्त के परिपत्र के अनुसार, विभागीय जांच और लोकायुक्त की कार्रवाई एक साथ चल सकती हैं। फिर नंदकिशोर धाकड़ के खिलाफ विभागीय जांच में देरी क्यों की जा रही है?

**संस्था और बैंक को गुमराह करने का प्रयास** –नंदकिशोर धाकड़ ने यह जानते हुए भी कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच चल रही है, नियमों के विरुद्ध पुन: प्रभार लिया और संस्था, बैंक तथा विभाग को गुमराह किया। यह एक गंभीर मामला है क्योंकि ऐसे कर्मचारी विभाग की छवि खराब करने के साथ-साथ संस्थाओं को भी आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। यदि उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं की गई, तो यह सहकारिता क्षेत्र में भ्रष्टाचार को और बढ़ावा देगा।

**सहकारिता विभाग कब उठाएगा ठोस कदम?**–यह पूरा मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर सवाल खड़ा करता है। जब अन्य जिलों में इसी तरह के मामलों में त्वरित कार्रवाई हुई है, तो मंदसौर में इस भ्रष्टाचार को क्यों बढ़ावा दिया जा रहा है? यदि शीघ्र ही नंदकिशोर धाकड़ को सेवा से पृथक नहीं किया गया, तो यह स्पष्ट होगा कि सहकारिता विभाग प्रशासन भी इस भ्रष्टाचार में कहीं न कहीं संलिप्त है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर भ्रष्टाचारियों को संरक्षण क्यों मिल रहा है? यह मामला केवल एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली से जुड़ा है। यदि सहकारिता विभाग को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है, तो लोकायुक्त और विभागीय नियमों के अनुसार तत्काल कार्रवाई करनी होगी। यदि प्रशासन अब भी चुप रहता है, तो यह माना जाएगा कि भ्रष्टाचार को खुली छूट दी जा रही है।

भ्रष्टाचार की पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त सहकारिता द्वारा तीन दिवस बाद ही समिति कर्मचारी सेवा नियम अनुसार कर्मचारियों के भ्रष्टाचार कर संपत्ति अर्जित को रोकने हेतु संस्था के कर्मचारी हेतु पत्र क्रमांक /साख/ विधि/पी-17/2021/720 भोपाल, दिनांक 3/03/2021 से पत्र जारी कर निर्देश दिए गए थे (संलग्न–04)।जिसमें निम्नलिखित तीन बातें सम्मिलित थी जिसका पालन विभाग द्वारा आज तक नहीं करवा पाया जो अधिकारियों द्वारा इस पत्र की आड़ मे भ्रष्टाचार किया जाना प्रतीत होता है कई कर्मचारी हैं जो करोडो की संपत्ति साधन अर्जित के किए हुए हैं। जिसमें निम्नलिखित निर्देश थे। 1. सेवायुक्त को अपनी नियुक्ति पर अपने एवं स्वयं पर आश्रितों की संपत्ति के संबंध में एक विवरण प्रस्तुत करना होगा। 2. वह, संस्था की लिखित पूर्व अनुमति के बिना कय, दान यां अन्यथा कोई स्थावर सम्पत्ति अर्जित नहीं करेगा। 3. सेवायुक्त प्रतिवर्ष 31 मार्च की स्थिति पर 30 अप्रैल तक अपनी चल/अचल संपत्ति का ब्यौरा निर्धारित प्रारूप में अपने नियोक्ता को प्रस्तुत करेगा। कब तक इसका पालन उज्जैन संभाग मे होगा यदि पालन नहीं होगा और किसी कर्मचारी पर छापा डाला जायेगा तो पालन नहीं करने पर उप पंजीयक और मुख्य कार्यपालन अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी एवं साथ मे सहयोजित कर आरोपी बनाया जायेगा। अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा।

# शिव के धार्मिक दर्शन में जीवन की विविधता दिखाई देती है–सांसद



**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुतार पंचायत चंद्रपुरा के तत्वाधान में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दूसरे दिन क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता के मुख्य अतिथि में महा आरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर ने उपस्थित होकर समाज जनों एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भगवान श्री चारभुजा नाथ की मां आरती कर चल रहे शिव प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर पूजा अर्चना की इस अवसर पर संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि शिव का जीवन दर्शन हमारे जीवन के आसपास होने वाले घटनाक्रम से जुड़ा हुआ दिखाई देता है शिव की आराधना करने का मतलब समाज की विषमता को समाप्त करना है समाज द्वारा शिव परिवार के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के आयोजन पर हार्दिक बधाई उनका यह प्रकल्प पूरा हो और शिव मंदिर क्षेत्र में आराधना का केंद्र बने यही कामना है सांसद श्री गुप्ता ने कहा कि समाज के वरिष्ठयान एवं ट्रस्ट के पदाधिकारी चारभुजा नाथ चंद्रपुर मंदिर परिसर एवं क्षेत्र के विकास के लिए जो भी योजना बना कर देंगे उसे पूर्ण करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रामादेवी गुर्जर ने उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चारभुजा नाथ मंदिर काफी पुराना एवं प्राचीन मंदिर है इसके आसपास लगी हुई भूमि के विकास के लिए नगर पालिका के माध्यम से विकास की जो भी योजनाएं आवश्यक होगी उसे पूर्ण किए की जावेगी क्षेत्रीय पार्षद जो भी योजना बना कर देंगे उसे लागू करने का प्रयास किया जावेगा क्षेत्र के पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र गोस्वामी ने कहा कि श्री चारभुजा नाथ मंदिर वर्षों पुराना मंदिर है इसकी अपनी एक धार्मिक पहचान है और यही कारण है कि यहां पर इनको काफी मानता है श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत समाज ने इस मंदिर के विकास के लिए जो भी प्रकल्प लिए हैं उसे पूरा करने का में प्रयास करूंगा मंदिर से लगी हुई भूमि पर नाला बनाने का प्रस्ताव बनाकर शीघ्र ही नगर पालिका अध्यक्ष को दिया जाएगा इसके अलावा मंदिर के सामने नाली निकालने का भी प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि पूरा परिसर साफ सुथरा रहे एवं आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पडे कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने चारभुजा नाथ भगवान की आरती की एवं पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा के हवन में आहुति प्रदान की उक्त शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान यज्ञ आचार्य श्री विष्णु जी शर्मा के मार्गदर्शन में चल रहा है कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों अतिथियों का श्री जागीर ब्राह्मण सुतार पंचायत ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक झलोया उपाध्यक्ष मांगीलाल झटवा उपाध्यक्ष बंशीलाल झलोया कोषाध्यक्ष रणछोड़ हसवार सचिन चंद्रशेखर तिवारी सह सचिव भेरूलाल झटावा ट्रस्टी अशोक सवार राधेश्याम झटावा राजेश धारणिया अनिल तिवारीअंगिरा ऋषि शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन झलोया उपाध्यक्ष दीपक गाजवा पार्षद कोषाध्यक्ष राजेश धारणिया सचिव शरद तिवारी सहसचिव गौरव झलोया ट्रस्टी डॉक्टर श्याम तिवारी जितेंद्र शर्मा आशीष झटावा योगेंद्र हसवार पंकज गजवा मनीष किशोर शर्मा महिला समिति के अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी तिवारी उपाध्यक्ष शीतल झलो या श्रीमती संतोष झटावा श्रीमती मोनिका झलोया सचिव श्रीमती शशि झलोया सह सचिव श्रीमती वीणा तिवारी कोषाध्यक्ष ज्योति तिवारी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक झलोया ने किया आभार सचिव श्री चंद्रशेखर तिवारी ने माना।

## मोटर चोरी के आरोपी रिमाण्ड पर

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत मोटर चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, इन्हें कोर्ट ने एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बरदल में किसानों के कुओं से 2 विद्युत मोटर चोरी हो गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने दोनों मोटर चोरी करने वाले वरदल निवासी तेजपाल भील व लाला भील को पकड़ा। दोनों से चोरी गई मोटर भी बरामद की। मामले की जांच कर रहे एसआई सत्येन्द्र सैनी ने बताया दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को नारायणगढ़ कोर्ट में पेश किया। जिन्हें एक दिन रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश हुए।

## मिलन समारोह सम्पन्न

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शुक्ला चौक व्यापारी संघ का मिलन समारोह का आयोजन खिड़की माता मंदिर परिसर में रखा गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से सभी वर्ग के व्यापारी बंधु आपसी सौहार्द, प्रेम, मेलजोल, भाईचारा कायम रखते हुए इस आयोजन का सफलतापूर्वक मानते आ रहे है। मिलन समारोह में सभी व्यापारी बंधुओं ने सर्व सहमति से डॉ विशाल व्यास (दन्त चिकित्सक) को व्यापारी संघ का अध्यक्ष मनोनीत कर स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 2 लाख 9 हजार किसानों को किसान कल्याण योजना की तृतीय किश्त का लाभ दिया

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज सोनकच्छ, जिला देवास से सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, लाडली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को हितलाभ अंतरण किया।प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1553 करोड़ रुपए का हितलाभ प्रदान किया। 56 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 337 करोड़ रुपए का



हितलाभ प्रदान किया एवं 81 लाख किसानों को किसान कल्याण योजना में 1624 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से हितलाभ प्रदान किया। कार्यक्रम का प्रसारण जिले की सभी ग्राम पंचायत में किया गया। जहां पर हितग्राहियों ने कार्यक्रम को देखा और सुना। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से मंदसौर जिले के 2 लाख 9 हजार 131 किसानों को किसान कल्याण योजना की तृतीय किश्त का हितलाभ प्रदान किया। 1 लाख 17 हजार 954 हितग्राहियों को 7 करोड़ 7 लाख 72 हजार रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन का हितलाभ प्रदान किया। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत 2 लाख 64 हजार 8 लाडली बहनों को 32 करोड़ रुपए की राशि का हितलाभ प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, प्रभारी एडीएम श्री राहुल चौहान, मंदसौर एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में हितग्राही, पत्रकार मौजूद थे।

## महिला ने महिला को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला ने महिला को पीटा, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जवाहर नगर नीमच, हामु फाटक मोहल्ला पिपलियामंडी निवासी राधाबाई पति बद्रीलाल कुमावत ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बरखेड़ापंथ में हाईवे पर मुझे मुरली निवासी वर्षा चौहान मिली और बोली तू गोर्धन मेघवाल के साथ क्यों रहती है और गाली-गलौज कर मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने वर्षा पर केस दर्ज किया।

## देवनारायण भगवान की कथा आज से

**पिपलियामंडी, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देवनारायण भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गांव गुड़भेली बड़ी स्थित देवनारायण मंदिर पर 11 से 15 फरवरी तक देवनारायण भगवान की कथा होगी। मंदिर पुजारी ओमप्रकाश चौहान ने बताया प्रतिदिन प्रात: 11 से शाम 4 बजे तक मंदिर परिसर में नारायणलाल गाडरी एंड पार्टी उदयपुर कथा की प्रस्तुति देगी।

# हमारे खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि और गौरवशाली क्षण–मुख्यमंत्री

### राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश को अब तक मिले 51 पदक, 21 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य पदक किए अर्जित

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। खेलों में भी मध्यप्रदेश इससे अछूता नहीं है। उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 51 पदक जीत कर देशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। यह मध्यप्रदेश के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब राष्ट्रीय खेलों में सिर्फ 5 दिन शेष हैं। हाल ही में नीलू यादव ने अपने बलबूते पर स्वर्ण पदक जीता है। इसे मिलाकर अब हमारे पास 21 गोल्ड हो गए। राष्ट्रीय खेलों का समापन 14 फरवरी को हल्द्वानी में होगा। गत 28 जनवरी से अब तक कई प्रतियोगिताओं के निर्णय हो चुके हैं और अभी कई खेल प्रतियोगिताएं जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उम्मीद जताई है कि राष्ट्रीय खेल खत्म होते-होते अभी और भी पदक मध्यप्रदेश की झोली में आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने वाली नीतियों और खिलाड़ियों के बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने राष्ट्रीय खेलों में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अब तक 21 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य समेत कुल 51 पदक हासिल कर लिए हैं। अकेले वुशु गेम में ही प्रदेश को 9 पदक मिले हैं, जिनमें 6 स्वर्ण और दो रजत पदक शामिल हैं। हॉकी में प्रदेश की बहन-बेटियों ने पश्चिम बंगाल जैसी सशक्त टीम को हराकर इतिहास रच दिया। भोपाल की अकादमी में प्रशिक्षित दीक्षा ने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश की 9 करोड़ जनता की ओर से सभी पदक विजेताओं को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## तीन दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का शुभारम्भ

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जन एवं संस्कृति विकास समिति द्वारा बास्केटबॉल खेल को बढ़ावा देने हेतु शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय के बास्केटबॉल खेल मैदान पर दिनांक 10,11 व 12 फरवरी को तीन दिवसीय बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत सोमवार को शुभारम्भ किया गया।इस प्रतियोगिता मे 10 टीमे भाग ले रही है। यह सभी मैच लीग पद्धति से कराये जा रहे है।इस प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विभिन्न स्कूलों के बालक बालिका सहभागिता कर रहे है।अंत मे इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं सहभागिता प्रणाम प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।जन एवं संस्कृति विकास समिति मंदसौर द्वारा तीन दिवसीय बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन मे शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे नपाउपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला रहे।द्वितीय कड़ी मे श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा,पत्रकार व फ़िल्मी कलाकार संतोष परसाई, पत्रकार रुपेश सोलंकी,सिंघम टाइम्स पत्रकार सोनू गुप्ता, मंदसौर समाचार पत्रकार शुभम सोलंकी, सांसद प्रतिनिधि बंशीलाल राठौर ने बास्केट बॉल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सभी का पुष्पमाला से स्वागत व सम्मान बास्केट बाल सचिव, जाकिर शाह, कोच जय विजय सिंह सिसोदिया, अंकुर त्रिपाठी, रुबीना खान, महेश लखारा ने किया।तातपश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्बोधित कर कहा खेल का हमारे जीवन मे हमारे शरीर के विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान है।यह जानकारी जन एवं संस्कृति विकास समिति के जगदीश बैरागी ने दी।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना की कण्डिका 2(07) के तहत कृषि उपज के विक्रय के लिये तथा घर से खेत पर आते जाते समय रास्ते में हुई दुघर्टना में मृत्यु या अंग भंग होने पर आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा कामेरीबाई उर्फ गमेरीबाई निवासी बर्डियाअमरा की कृषि कार्य निंदाई करने हेतु जाते समय रास्ते में हुई दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिस तेजमल को 4 लाख रू की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

# सभी एसडीएम ध्वनि प्रदूषण यंत्रों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाए–कलेक्टर

### ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के लिए सभी विभाग आवश्यक तैयारी पूर्ण करे, साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न







**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए लाउड स्पीकर पर सख्ती से प्रतिबंध लगाए। मरीज गार्डन, धर्मशाला इत्यादि संस्थान जो बिना लाइसेंस/ बिना अनुमति के ध्वनि प्रदूषण कर रहे हैं। उनके उपर कार्यवाही करें। उनके लाइसेंस निरस्त करें। सभी विभाग प्रमुख इस बात का ध्यान रखे कि, अगर कही पर ध्वनि प्रदूषण हो रहा है तो रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराए या पुलिस को सूचना दे। विद्यार्थियों की परीक्षा का समय है, उनके भविष्य को बनाने का समय है। परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न न हो इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखें।

ई ऑफिस प्रणाली सभी कार्यालय में लागू होने वाली है। इसके लिए सभी विभाग प्रमुख 28 फरवरी से पहले संबंधित आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। उसके लिए लॉगिन आईडी बनाएं। सभी ईमेल .सीीं / ळिल.ळपिर बनाएं। मास्टर डाटा ऐनआईसी से बनाएं। ई ऑफिस प्रणाली के पश्चात समस्त कार्य ऑनलाइन माध्यम से होंगे। सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन शिकायत का त्वरित समाधान करें। शिकायतों का समाधान नहीं करने पर अब विभाग प्रमुखों पर सीधी कार्यवाही होगी। शिकायतों के निराकरण के लिए लगातार शिविर चलने दे। स्वास्थ्य विभाग प्रसूति सहायता संबंधित हितग्राहियों के भुगतान तुरंत कर सीएम हेल्पलाइन शिकायत को बंद कराए। रबी उपार्जन पंजीयन से संबंधित गिरदावरी का कार्य एवं गिरदावरी वेरिफिकेशन का कार्य प्रतिदिन करें। सभी ग्राम पंचायत में आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ देने जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाना, 70 प्लस व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाना, फॉर्मर रजिस्ट्री करना, ई केवाईसी करना, सीएम हेल्पलाइन शिकायत समाधान करना जैसे कार्यों के लिए अभियान लगातार चलने दे। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, प्रभारी एडीएम श्री राहुल चौहान, जिलाधिकारी मौजूद थे।

# वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग के विस्तार की मप्र में हैं अपार संभावनाएं–मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 10 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और परिधान उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाओंवाला राज्य बन चुका है। राज्य की समृद्ध कृषि पृष्ठभूमि, पारंपरिक बुनकर समुदायों की उत्कृष्ट कला, आधुनिक औद्योगिक आधार और निवेशक-अनुकूल नीतियाँ प्रदेश को इस क्षेत्र में अग्रणी बना रही हैं। सरकार के सुविचारित प्रयासों से मध्यप्रदेश तेजी से भारत के प्रमुख टेक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में उभर रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 इस औद्योगिक यात्रा को और गति देने का माध्यम बनेगा, जहाँ दुनिया भर के निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का टेक्सटाइल उद्योग केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिसमें कच्चे माल के उत्पादन से लेकर परिधान निर्माण और वैश्विक निर्यात तक सभी चरण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश, भारत के 43% और वैश्विक स्तर पर 24% ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में योगदान देता है। यह आंकड़ा न केवल प्रदेश की क्षमता को दर्शाता है, बल्कि इसे पर्यावरणीय रूप से सतत और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र निर्माण के लिए एक आदर्श स्थान बनाता है।

**कपास, रेशम और आधुनिक फाइबर–मध्यप्रदेश की बुनियादी ताकत**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश कपास उत्पादन में अग्रणी है। साथ ही यहाँ का रेशम उद्योग भी लगातार विस्तारित हो रहा है। राज्य प्रतिवर्ष 200 टन से अधिक रेशम उत्पादन करता है, जिससे परंपरागत हथकरघा और आधुनिक सिल्क उत्पाद दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। इसके अलावा, मध्यप्रदेश आधुनिक कृत्रिम फाइबर उत्पादन के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे टेक्निकल टेक्सटाइल और स्पेशलिटी फाइबर निर्माण को बल मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले में विकसित किया जा रहा पीएम मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल पार्क प्रदेश के कपड़ा उद्योग को नया आयाम देगा। 2,100 एकड़ में फैले इस पार्क में टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योगों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढाँचा उपलब्ध होगा। यह पार्क न केवल निवेश आकर्षित करेगा, बल्कि प्रदेश को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी बनाएगा।



**पारंपरिक कला और आधुनिक टेक्सटाइल अनूठा संगम**–मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश की पहचान केवल बड़े कपड़ा उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ की पारंपरिक कला भी टेक्सटाइल क्षेत्र की एक बड़ी ताकत है। चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट, बाटिक प्रिंट और जरी-जरदोजी जैसे उत्कृष्ट हथकरघा उत्पाद मध्य प्रदेश की विरासत को दर्शाते हैं इन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महेश्वरी साड़ी, बाग पैटर्न और चंदेरी कॉटन को जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जिससे इन उत्पादों की ब्रांडिंग और बाजार में स्थिति और मजबूत हुई है।प्रदेश में 60 से अधिक बड़ी कपड़ा मिल्स, 4,000 से अधिक करघे और 25 लाख स्पिंडल्स कार्यरत हैं। इंदौर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, ग्वालियर, छिंदवाड़ा और जबलपुर प्रमुख टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित हो रहे हैं। इंदौर का रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर 1,200 से अधिक इकाइयों के साथ प्रदेश में रेडीमेड वस्त्र निर्माण की प्रमुख इकाई बन चुका है। यहाँ स्थित अपैरल डिजाइनिंग सेंटर और स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान कर रहे हैं।

**टेक्सटाइल उद्योग में निवेश को नई ऊँचाइयाँ देने के लिए सरकार की पहल**–मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई आकर्षक नीतियाँ लागू कर रही है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत टेक्सटाइल क्षेत्र में 3,513 करोड़ रूपये का निवेश आकर्षित किया है। यह निवेश प्रदेश को उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्र निर्माण और निर्यात में अग्रणी बनाएगा। सरकार उद्योगों को बिजली और पानी न्यूनतम दरों पर उपलब्ध करा रही है। साथ ही, जीएसटी में छूट, टैक्स रिबेट और अन्य प्रोत्साहनों के माध्यम से निवेशकों को लाभ पहुँचाया जा रहा है। कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष रूप से कस्टमाइज्ड इन्सेंटिव पैकेज भी तैयार किया है, जो उद्योगों को उनकी निवेश आवश्यकताओं के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**वैश्विक टेक्सटाइल कंपनियों की पसंद बन रहा है मध्यप्रदेश**–मध्यप्रदेश पहले से ही ट्राइडेंट ग्रुप, रेमंड, आदित्य बिड़ला, वर्धमान टेक्सटाइल, गोकलदास एक्सपोर्ट्स, सागर ग्रुप, नाहर स्पिनिंग मिल्स, अतत्र्र्र्र्र्रजड, इंदोरामा और भास्कर जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इन कंपनियों द्वारा प्रदेश में लगातार हो रहा निवेश, सरकार की नीतियों और उद्योग के अनुकूल वातावरण का प्रमाण है। इन कंपनियों की सफलता अन्य निवेशकों को भी आकर्षित कर रही है और आने वाले वर्षों में प्रदेश कपड़ा और परिधान क्षेत्र में भारत का सबसे बड़ा केंद्र बनने की ओर अग्रसर है।

**जीआईएस औद्योगिक परिवर्तन को देगा नई दिशा**–ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 इस औद्योगिक परिवर्तन को नई दिशा देगा। इस समिट में दुनिया भर के निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं को आमंत्रित किया जा रहा है ताकि वे मध्य प्रदेश की संभावनाओं को देख सकें और यहाँ निवेश के नए अवसर तलाश सकें। मध्य प्रदेश टेक्सटाइल क्षेत्र में अपनी ऐतिहासिक विरासत और आधुनिक नवाचारों का समावेश करते हुए, एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने की दिशा में अग्रसर है। सरकार निवेशकों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराकर इस क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार की नीति फार्म से फैब्रिक, फैब्रिक से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से विदेशी बाजार तक की है। इस दृष्टिकोण को अपनाकर प्रदेश में टेक्सटाइल और परिधान उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में खड़ा किया जा रहा है। राज्य सरकार इस क्षेत्र में निवेश करने वाले सभी उद्योगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाकर मध्यप्रदेश को विश्वस्तरीय टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in